an>

Title: Need to construct embankments on rivers originating from Nepal causing land erosion in Kheri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मेरा लोकसभा क्षेत्र खीरी (उत्तर प्रदेश) नेपाल का सीमवर्ती क्षेत्र है जो नेपाली नदियों मोहाना, गौड़ियाला की वजह से बाढ़ व कटान से प्रभावित है। कटान की वजह से कई सौ एकड़ कृÂिा भूमि सहित बहुत से गांवों का अस्तित्व समाप्त हो गया है जिसकी वजह से उक्त क्षेत्र के रहने वाले लोग आर्थिक संकट के साथ-साथ आवास शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पीने के पानी व परिवहन सहित कई समस्याओं से जूझ रहे हैं।

उक्त बाढ़ व कटान की समस्या के आंशिक निदान हेतु बेला, परसुआ व सूरत नगर तहसील/ ब्लॉक निघासन, जिला लखीमपुर खीरी हेतु क्रमशः लगभग 10 करोड़ व 11 करोड़ लगभग 21 करोड़ रुपए का आबंटन तटबंधों के निर्माण हेतु किया गया था। उक्त कार्यों के टेंडर व काम शुरु होने के बाद पूरा किए बिना काम बंद कर दिया गया जिससे पुनः उक्त क्षेत्र बाढ़ व कटान से प्रभावित हैं। उक्त क्रम में ऐसा प्रतीत होता है कि आबंटित धन का दुरुपयोग संबंधित लोगों द्वारा किया जा रहा है क्योंकि सारी प्रक्रिया (टेंडर आदि) की होने व काम शुरु होने के बाद बंद हो जाने के कारण आशंका है कि उक्त योजनाओं में भ्रÂटाचार हुआ है।